# ULB

## MUNICIPAL CORPORATION, BHARATPUR

Bharatpur - 321001



Minimum Government, Maximum Governance

## *E-News Letter*
## *June, 2017*

Local Self Government

# द्वितीय वर्षगांठ (अमृत योजना)

अमृत योजना की द्वितीय वर्षगांठ दिनांक 25.06.2017 के अवसर पर नगर निगम, भरतपुर द्वारा निम्न लिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया –

1. **साईकिल प्रतियोगिता** :– दिनांक 24.06.2017 को नगर निगम द्वारा स्कूली बच्चों से घना गेट से ट्रेफिक तिराहे से बिजलीघर से नगर निगम तक साईकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को नगर निगम द्वारा पुरुष्कार वितरित किये गये।







2. **पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन** :– इसी अवसर पर नगर निगम द्वारा नवीन सिटी उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं के. आर. सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल में अमृत योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन थीम पर पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरुष्कार वितरित किये गये।








3. **S.T.P. का शिलान्यास** :– दिनांक 25.06.2017 को अमृत योजना के अन्तर्गत बनाये जाने वाले S.M.L.D. S.T.P. का शिलान्यास माननीय सांसद श्री बहादुर सिंह कोली जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय विधायक श्री विजय बंसल जी द्वारा की गई। इस अवसर पर माननीय महापौर श्री शिवसिंह भौंट एवं गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।







# कोरियन प्रतिनिधि मण्डल
## का कार्यालय नगर निगम, भरतपुर का भ्रमण



दिनांक 04.07.2016 को 13 सदस्यीय कोरियन प्रतिनिधि मण्डल नगर निगम के प्रांगण में उपस्थित हुये। प्रतिनिधि मण्डल ने दक्षिणी कोरिया की नई प्रशासनिक राजधानी सेंजॉग शहर के नगर परिषद के 13 सदस्य थे। जिसमें सेंजॉग सिटी कॉसिल के अध्यक्ष Mr. Junlii, Dy Chairman Mr. Kim Wonsik व अन्य पदाधिकारी एवं अधिकारी सम्मिलित थे।





इस अवसर पर प्रतिनिधि मण्डल ने नगर निगम के कार्यों की पूर्ण कार्यप्रणाली के बारे में निगम के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई।





इस अवसर पर निगम के माननीय महापौर श्री शिवसिंह भौंट एवं माननीय उपमहापौर श्री इन्द्रजीत सिंह पाले एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

अन्त में प्रतिनिधि मण्डल द्वारा महापौर को स्मृति चिह्न भेंट किये एवं महापौर द्वारा प्रतिनिधि मण्डल को स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

# मुख्यमंत्री शहरी जन कल्याण शिविर

fnukd 08-06-2017



मुख्यमंत्री शहरी जन कल्याण शिविर के अन्तर्गत प्रभारी मंत्री माननीय कालीचरण सर्राफ जी द्वारा शिविर स्थल गंगा मन्दिर प्रांगण में पट्टों का वितरण किया गया। इस अवसर पर माननीय महापौर श्री शिवसिंह भौंट जी, उपनिदेशक महोदय श्री लक्ष्मीकान्त बालोत जी एवं आयुक्त महोदय श्री शिवचरण मीना जी उपस्थित थे।





# अमृत योजना

**अमृत योजना** के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न घटकों में निम्न प्रकार राशि स्वीकृत की है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | वाटर सप्लाई | – | राशि 50.00 करोड़ |
| 2. | सीवरेज | – | राशि 79.66 करोड़ |
| 3. | ग्रीन स्पेस एण्ड पार्कस् | – | राशि 02.50 करोड़ |
| | कुल योग | – | राशि 132.16 करोड़ |

1. वाटर सप्लाई – वाटर सप्लाई का कार्य जनस्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है।
2. सीवरेज – दिनांक 24.03.2017 को L & T कम्पनी को सीवरेज का कार्यादेश नगर निगम द्वारा जारी कर दिया है। L & T कम्पनी द्वारा सर्वे का कार्य शुरू कर दिया है।

| Cost of Capital (in Lacs) | 10 Year O&M Cost (in Lacs) | Provisional SUM (in Lacs) | Total |
|---|---|---|---|
| 916537752 | 122378000 | 15900000 | 1054815752 |

3. ग्रीन स्पेस एण्ड पार्कस् – ग्रीन स्पेस पार्कस् की डीपीआर राज्य स्तर पर S.L.T.C. (स्टेट लेबिल टैक्नीकल कमेटी) की बैठक दिनांक 15.09.2016 में 2.5 करोड़ रू. स्वीकृत हो चुके हैं। निविदा जारी कर दी गई है।

## स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ भारत मिशन के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण घटक में अब तक कुल 6422 आवेदन ऑनलाईन अपलोड किये गये है, तथा 6093 आवेदन पत्रों का वैरिफिकेशन एवं 6093 एप्रूब्ड किये जा चुके हैं। सभी लाभार्थियों के खाते में प्रथम किश्त हस्तान्तरित की जा चुकी हैं। 2563 शौचालयों का निर्माण हो चुका है, शेष का कार्य प्रगति पर है।

सिटी सेनिटेशन प्लांट को एस.बी.एम. साइट पर अपलोड कर दिया जा चुका हैं। वर्तमान में 22 कम्यूनिटी एवं 7 पब्लिक टॉयलेट संचालित हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इन शौचालयों का अपग्रेडेशन कराने हेतु डीपीआर तैयार कराई जा रही है।

## सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट

उक्त योजना अन्तर्गत सम्बन्धित फर्म से दिनांक 24.08.2016 को एग्रीमेन्ट कर सम्बन्धित फर्म ROLLZ MATERIAL HANDLING SYSTEM PRIVATE LTD., NEW DELHI को कार्यादेश दिनांक 10.10. 2016 को जारी कर दिया गया है। फर्म ने साइट पर सर्वे कार्य शुरू कर दिया है। E.C. प्राप्त करने हेतु फर्म ने प्रदूषण मंडल, जयपुर में आवेदन कर दिया है। E.C. प्राप्त होने पर कार्य शुरू कर दिया जावेगा।

# दीनदयाल अन्त्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

**एस.एम.आई.ड़ी** घटक के तहत शहरी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार से जोडने हेतु 205 स्वंय सहायता समूह का गठन किया जा चुका है। इनमें से अभी तक 145 समूहों का बैंक लिंकेज हेतु खाते खुलवाये जा चुके है। जिनमें से 79 समूहों को रिवाल्विंग फण्ड जारी किया जा चुका है, तथा शेष समूहों को शीघ्र ही रिवाल्विंग फण्ड जारी किया जा रहा है।

**ई.एस.टी.पी.** घटक के तहत शहरी बेरोजगार युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिलाकर रोजगार से जोडने हेतु नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अब तक 717 आवेदन तैयार कराकर आर.एस.एल.ड़ी.सी को प्रशिक्षिण दिलाने हेतु प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से अभी तक मात्र 157 आवेदकों का प्रशिक्षिण पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में आर.एस.एल.डी.सी के प्रशिक्षण केन्द्रों पर नये दिशा–निर्देशों के तहत् निरीक्षण चल रहा है, शीघ्र ही नये प्रशिक्षण केन्द्र शुरू होने पर शेष आवेदकों को विभिन्न संकायों में प्रशिक्षण दिलाया जावेगा।

**एस.ई.पी. घटक** के अंतर्गत शहरी बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए जून, 2017 तक 796 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को ऋण हेतु बैंक को प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से 84 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत कर 38.84 लाख रूपये का ऋण वितरित हो चुका है।

**एस.यू.एच. घटक** के तहत बेघर लोगों को आश्रय उपलब्ध कराये जाने हेतु नगर निगम, भरतपुर में वर्तमान में 2 आश्रय स्थलों का विधिवत संचालन हो रहा है, तथा अन्य दो नये आश्रय स्थल बनकर तैयार हो चुके हैं, जिनका शीघ्र ही आवश्यक सुविधाओं के साथ जनहित में लोकार्पण किये जाने की तैयारी चल रही है।

**एस.यू.एस.वी. घटक** के तहत् शहरी क्षेत्र में फुटकर विक्रेताओं को जगह सुनिश्चित् कर सुव्यवस्थित रूप से व्यापार करने हेतु 2166 फुटकर विक्रेता चिह्नित किये गये हैं। इस हेतु श्रीमान जिला कलक्टर महोदय के निर्देशानुसार टाउन वैण्डिंग कमेटी का गठन पूर्ण हो चुका है। टाउन वैण्डिंग कमेटी की प्रथम बैठक में वैण्डिंग और नॉनवैण्डिंग जोन पर चर्चा की गई। शीघ्र ही द्वितीय मीटिंग बुलाकर फुटकर विक्रेताओं को बैठने की जगह उपलब्ध करायी जावेगी।

## Contacts Us:

**BHARATPUR, MUNICIPAL CORPORATION,**
**NEAR MATHURA GATE, BHARATPUR.**
**e-mail: bhartpur.jaipur@gmail.com**
**Phone No.: 05644 - 222170**